>

Title : Need to undertake repair works of National Highway between Saiyedraja and Zamania in Chandauli district, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश के चन्दौली में स्थित राजमार्ग-97 राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से सैयदराजा से जमानिया हेतु गाजीपुर-गोरखपुर जाने का मार्ग है। यहा राष्ट्रीय राजमार्ग सैयदराजा से जमानिया तक बहुत ही खराब हालत में है। इसके निर्माण के लिए भारत सरकार ने धन भी दिया है। इस मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण भी होना है। इस मार्ग की निविदा भी हो गई है। विगत कई वर्षों से यह मार्ग क्षतिग्रस्त एवं खराब है। यह मार्ग लगभग 90 प्रतिशत खराब है। इस मार्ग पर गाड़ियों को चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। जनता की गाड़िया समय से पहले खराब हो रही हैं। पैट्रोल एवं डीजल की खपत अधिक हो रही है। निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। सैयदराजा से जमानिया तक जिसकी दूरी लगभग 25 से 30 किलोमीटर ही है, को क्रॉस करने में लगभग 3 से 4 घंटे लग जाते हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जनता की परेशानियों को देखते हुए इस मार्ग का निर्माण अविलम्ब कराये जाने के आदेश दिए जायें।